प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

16.10.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/09.20 बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सभी लम्बित राजस्व मामलों का निपटारा करने के लिए विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कल शिमला में राजस्व विभाग की एक समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और उपायुक्तों को दुरूस्ती के सभी लम्बित मामलों का इस महीने की 31 तारीख तक निपटारा करने के निर्देश दिए। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि सभी उपायुक्त लम्बित राजस्व मामलों की समीक्षा के लिए अपने–अपने जिलों में एक–एक नोडल अधिकारी की तैनाती करें और इसकी सूचना सरकार को भेंजे ताकि लम्बित मामलों को समय सीमा के भीतर निपटाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह नवम्बर माह में इस मामले की दोबारा समीक्षा करेंगे। बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल**

शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल आज शिमला के जुन्गा में शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ये फ्लाइंग फेस्टिवल 19 अक्तूबर तक चलेगा। फेस्टिवल के दौरान हॉस्पिटेलिटी एक्सपो भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभग 60 प्रदर्शक अपने स्टॉल लगाएंगे। इस दौरान रोमांचकारी पैराग्लाईडिंग के अलावा प्रदर्शनी व सेमीनार का आयोजन भी किया जा रहा है।

**कुल्लू दशहरा**

कुल्लू में इन दिनों अंर्तराष्ट्रीय दशहरा उत्सव चल रहा है और बड़ी संख्या में देवी–देवता ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में विराजमान हैं जिससे माहौल भक्तिमय बना हुआ है। दशहरा उत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जा रहा है। दशहरे की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कल शाम इंडोनेशिया के सांस्कृतिक दल ने रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा राजस्थान व अन्य राज्यों के कलाकारों ने भी अपने–अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। दशहरा उत्सव की चौथी संध्या में आज म्यांमार का सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देगा।

गोकुल बुटेल

मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार आई टी गोकुल बुटेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार की हिमाचल लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस ऐप के माध्यम से अभी तक पांच हजार लोगों के घर बैठे लाइसेंस बनाए जा चुके हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में गद्दी छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि अब जाति प्रमाण पत्र भी लोक मित्र केंद्रों के माध्यम से लोगों को मुहैया करवाएं जाएंगे। गोकुल बुटेल ने कहा कि सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पकृत है। इस दौरान उन्होंने गद्दी छात्र कल्याण संघ की वेबसाइट को भी लांच किया।

पुरस्कार

डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में मधुमक्खियों और परागणकों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना ने अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केंद्र का पुरस्कार जीता है। ये प्रतिष्ठित सम्मान हाल ही में पालमपुर में आयोजित ए.आई.सी.आर.पी की वार्षिक समूह की बैठक में प्रदान किया गया।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई हाई पावर कमेटी से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में पानी से जुड़े सभी कानून मर्ज होंगे, अंब्रेला एक्ट बनेगा। पंजाब केसरी, दैनिक जागरण, आपका फैसला और दैनिक सवेरा टाइम्स** ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **पानी से जुड़े कानूनों को जोड़कर बनेगा अंब्रेला एक्ट, एक्सपर्ट कमेटी बनेगी।**

**दीवाली पर सिर्फ दो घंटे चला सकेंगे पटाखे** शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है खुशियों के त्योहार पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश, डीसी तय करेंगे समय।

**हिमाचल दस्तक की एक खबर है कर्मचारियों–पेंशनरों की बंपर दीवाली**–पिछले साल जनवरी से 21 माह के महंगाई भत्ते का भी मिलेगा एरियर।

**दैनिक जागरण के अनुसार मुबारिकपुर से रानीताल तक बनेगा फोरलेन, केंद्र सरकार ने दी स्वीकृति– धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा।**

**दैनिक भास्कर** ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखा है **प्रदेश के 50 मेधावी छात्रों को 31 मार्च से पहले विदेश का भ्रमण करवाएगी सरकार।**